राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण
PM-JAY
बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति
MM-JAY
State Health Agency
बिहार सरकार
राज्य स्वास्थ्य अभिकरण

संचिका सं0– BSSS/AB-PMJAY/IT&MIS/BIS/21/2021
पत्रांक.....1979

प्रेषक,

शशांक शेखर सिन्हा, भा०प्र०से०,
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक....09.12.24

विषयः– 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों तथा आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (MM-JAY) अंतर्गत लाभार्थियों के लिए कार्ड निर्गत करने हेतु आयोजित **"विशेष अभियान" को दिनांक 20.12.2024 तक विस्तारित** करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार का पत्रांक 1791 दिनांक 15.11.2024 से आयुष्मान कार्ड एवं 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए दिनांक 20.11.2024 से 10.12.2024 तक विशेष अभियान का आयोजन किया गया था, जिसके अंतर्गत 50 (पचास) लाख कार्ड का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 10% आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड बना है। साथ ही फरवरी, 2024 के बाद बने सभी राशन कार्डधारी परिवारों का डाटा आयुष्मान से जोड़ दिया गया है।

इस **विशेष अभियान को दिनांक 20.12.2024 तक निम्न रूपेण विस्तारित किया जाता है**, जिसमें आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड का निर्माण निम्नलिखित रूप से किया जायेगा :–

1. आशा कार्यकर्त्ता द्वारा Door to Door, आयुष्मान कार्ड का निर्माण।
2. सभी PHC से लेकर जिला अस्पताल (DH) तक के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के Digital Counter पर पूर्वाह्न 11:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया जायेगा, जिसमें प्रतिदिन OPD के कम से कम 30 प्रतिशत लाभुकों का आयुष्मान कार्ड का निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।
3. सभी स्वास्थ्य सेवाओं के आयुष्मान कॉउंटर पर आरोग्य मित्रों के द्वारा आयुष्मान कार्ड का निर्माण।
4. कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के VLE's के द्वारा अपने सेंटर पर आयुष्मान कार्ड का निर्माण।
5. पटना नगर निगम क्षेत्र में वार्ड वार आयुष्मान कार्ड हेतु निर्धारित केन्द्र पूर्ववत कार्य करेंगे।
6. लक्ष्य प्राप्ति एवं ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिला स्तर से उपरोक्त के अतिरिक्त विशेष कैंप का आयोजन किया जा सकता है।

सचिवालय विस्तारित भवन, ब्लॉक-3, द्वितीय तल्ला, पुराना सचिवालय, पटना
दूरभाषः 0612-2233506
ई-मेलः abnhpmbihar@yahoo.com

अतः अनुरोध है कि दिनांक 20.12.2024 तक विस्तारित विशेष अभियान का गहन अनुश्रवण करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
ह०/–
(शशांक शेखर सिन्हा)

ज्ञापांकः– BSSS/AB-PMJAY/IT&MIS/BIS/21/2021 1979 पटना, दिनांक 09.12.24

प्रतिलिपिः–1. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, NHA, भारत सरकार, नई दिल्ली को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. नगर आयुक्त, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. सभी सिविल सर्जन, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. सभी निदेशक/प्रबंधक, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. स्टेट हेड, कॉमन सर्विस सेंटर, बिहार को सूचनार्थ एवं पटना नगर निगम क्षेत्र में आयोजित कैंप में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु कार्यार्थ प्रेषित।
8. सभी DPC/प्रभारी DPC/ DITM, BSSS एवं सभी PC, ABDM को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
9. सभी DPM/DCM & DMEO राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति।